मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 ■ अंक : 287 ■ शुक्रवार 13 फरवरी 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

नोरा फतेही ने इतिहास रचा

# वालधुनी नदी का प्रदूषण बढ़ा

**लापरवाही की इंतहा** फैक्ट्रियों से निकलने वाला कचरा व शहर का सीवेज सीधे वालधुनी नदी में

■ नदी को जिंदा करने की कोशिशें सिर्फ कागजों पर

**उल्हासनगर.** अंबरनाथ और उल्हासनगर शहरों से होकर बहने वाली वालधुनी नदी उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के पास से बहती है. यहां से बहते हुए हर दिन हजारों किलो कचरा इस नदी में मिल जाता है. नदी का रंग भी काला हो गया है और यह बात सामने आई है कि सीवेज नदी में मिल रहा है. नदी के किनारे कई छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां हैं, जिनसे निकलने वाला कचरा और कच्चा माल सीधे नदी में डाला जाता है. यह कचरा कई जगहों पर फंसा हुआ भी दिखता है. इसलिए सवाल उठता है कि क्या वालधुनी नदी कभी अपनी पुरानी हालत में लौट पाएगी?

प्रदूषण के कारण सीवर बन चुकी वालधुनी नदी को फिर से ज़िंदा करने की कोशिशें सिर्फ कागजों पर हैं. कई सालों से यह नदी बदहाल है. अंबरनाथ के पहाड़ों से निकलने वाली यह नदी अंबरनाथ शहर के गेट से उल्हासनगर शहर में दाखिल होती है. यह नदी शिव मंदिर के बगल से बहती है. मंदिर से कुछ दूरी पर नदी में कई धाराएं मिलने लगती हैं। बाद में इन धाराओं की संख्या और नदी में मिलने वाले सीवेज की मात्रा भी बढ़ जाती है।





■ रंग बदलती नदी

बाद में, कई छोटी-बड़ी इंडस्ट्रीज़ से बिना ट्रीट किया हुआ सीवेज इस नदी में मिल जाता है। इसलिए, यह नदी, जो शुरू में एक धारा लगती है, बाद में बहुत ज़्यादा प्रदूषित नदी के रूप में बहती है। इस नदी का विशाल रूप उल्हासनगर स्टेशन के पास से देखा जा सकता है। यहां, हर हफ़्ते इस नदी का रंग बदलता हुआ दिखता है। कभी यह रंग लाल होता है और अक्सर काला। अभी, इस नदी का रंग गहरा काला हो गया है। देखा गया है कि नदी के किनारे मौजूद कई इंडस्ट्रियल कंपनियां बचा हुआ कच्चा माल और कचरा सीधे नदी में फेंक रही हैं। इस कचरे को नदी के किनारे इस तरह रखा जाता है कि यह कुछ ही दिनों में अपने आप नदी के किनारे गिर जाएगा। बाद में, यह कचरा नदी में बह जाता है। अक्सर, यह फंसा हुआ भी देखा जाता है।

■ कचरे को नदी में जाने से रोकने की मांग

अभी, वालधुनी नदी के उल्हासनगर स्टेशन से सटे कल्याण से बदलापुर तीसरी और चौथी रेलवे लाइन पर काम चल रहा है। नदी के किनारे बड़ी मात्रा में कचरा पड़ा और बहता हुआ दिख रहा है। पर्यावरणविद मांग कर रहे हैं कि इस कचरे को नदी में जाने से रोका जाए। हालांकि, आरोप है कि इसे नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। वालधुनी नदी को फिर से ज़िंदा करने के लिए कई बार घोषणाएं की जा चुकी हैं। उल्हासनगर मनपा ने सीवेज ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट शुरू किया था। कुछ दिन पहले, अंबरनाथ की मेयर तेजश्री करंजुले ने शिव मंदिर इलाके का मुआयना किया और वहां हुए काम का रिव्यू किया। हालांकि, उल्हासनगर नगर निगम प्रशासन इस पर कोई जवाब नहीं दे सका।

> वालधुनी नदी में लगातार कचरा और सीवेज मिल रहा है। अंबरनाथ और उल्हासनगर दोनों के नए चुने गए प्रतिनिधियों को इस नदी के लिए एक प्लान बनाकर नदी को फिर से ज़िंदा करने की ज़रूरत है। फिलहाल, नदी को सब नज़रअंदाज़ कर रहे हैं
> — **शशिकांत दयामा,** वालधुनी जल बिरादरी, पर्यावरणविद।

# अंबरनाथ में फायरिंग

■ बंदूक से दो राउंड फायर

■ शिवाजी नगर पुलिस ने 4 पर किया अपराध दर्ज



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में बुधवार रात में एक व्यक्ति को डराने-धमकाने के लिए चार लोगों ने मिलकर दोपहिया वाहन की डिक्की से बंदूक निकालकर दूर अंतर पर दो गोलियां मारकर धमकाया है. पुलिस ने चार के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है.

शहर पूर्व बी केबिन रोड दत्त कुटिर हल्ल्याचा पाड़ा निवासी मनेश संजय गंगावणे (26) ने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज कराया है कि बुधवार 11 फरवरी की रात में 11.30 बजे वह अपने घर के पास ठंडी होने के कारण अपने दोस्तों के साथ आग जलाकर ताप रहे थे. यहां पर शराब पीने के लिए आए गणेश गुंजाल, सुनिल फाटे, पंकज शिर्के ने शिकायतकर्ता को मारने की धमकी देकर गालीगलौज करके उनके पास की सुजुकी एक्सेस की डिक्की से बंदूक जैसा शस्त्र निकालकर फिर्यादी को धमकाने, डराने के लिए उनसे दूर के अंतर पर दो गोलियां फायर कर दी. पुलिस ने न्याय संहिता के अनुसार कलम के साथ हथियार कायदा, कलम के अनुसार अपराध दर्ज कर लिया है. पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर हतिक शिर्के को भी चौथा आरोपी बनाया है. मामले की जांच पुलिस उप निरीक्षक संजय बारावकर कर रहे हैं.

# डोसा चालक पर जानलेवा हमला

■ हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज

■ दो आरोपी गिरफ्तार

■ उल्हासनगर 5 की घटना

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के कुर्ला कैंप चौक, कैंप नंबर 5 में बिट्टू डोसा कॉर्नर के मालिक और उसके दोस्त पर चाकू से हमला करने की घटना मंगलवार रात को हुई।

हमले में राहुल चव्हाण और बबलू आवला घायल हो गए और उनका उल्हासनगर के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंगलवार रात करीब 1:30 बजे बिट्टू डोसा कॉर्नर के मालिक बबलू आवला और उनके दूसरे कर्मचारी दुकान बंद करके सफाई कर रहे थे। इसी समय आरोपी पुजारी और करण नाम का एक युवक दुकान के सामने लड़ रहे थे। इसी समय बबलू आवला ने उनसे झगड़ा खत्म करने और आगे बढ़ने को कहा। इससे आरोपी गुस्सा हो गए और उन्होंने दूसरे साथियों की मदद से बबलू आवला और उसके दोस्त राहुल चव्हाण को चाकू, कुर्सी और लोहे की रॉड से फिर से बुरी तरह पीटा। अब इस मामले में हिललाइन पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है और पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# उल्हासनगर में नकली ब्रांड की जींस बनाने का पर्दाफाश



■ जींस फैक्ट्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**उल्हासनगर.** नेत्रिका इन्वेस्टिगेशन टीम ने हिल लाइन पुलिस स्टेशन की मदद से आकाश कॉलोनी, उल्हासनगर-5 में मौजूद एक जींस फैक्ट्री पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मशहूर ब्रांड के नाम पर बनाए जा रहे लाखों रुपये के नकली ट्राउजर पैंट जब्त किए। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, नेत्रिका इन्वेस्टिगेशन टीम के सदस्य रामजीत गुप्ता, रवि वासवानी, विजय पवार, धीरू पटेल, विनोद सुमरा और उनके साथियों ने गोपनीय सूचना के आधार पर आकाश कॉलोनी में एक जींस बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मारा। जांच के दौरान पता चला कि बड़ी मात्रा में नकली ट्राउजर पैंट बनाए जा रहे थे, जिन पर ब्रांड के लेबल लगे हुए थे।

जब्त किए गए माल की कीमत लाखों रुपये में होने का अनुमान है। यह साफ किया गया कि संबंधित आरोपियों के पास इस मशहूर ब्रांड को बनाने या बेचने का कोई ऑफिशियल लाइसेंस नहीं था। टीम ने मौके से तैयार माल जब्त कर लिया और हिल लाइन पुलिस स्टेशन को मामले की जानकारी दी।

इस मामले में पवन गुप्ता के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हिल लाइन पुलिस स्टेशन के अधिकारी आगे की जांच कर रहे हैं, और यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ये नकली सामान असल में कहां सप्लाई किया जा रहा था और इस रैकेट में और कौन-कौन शामिल है। नामी कंपनियों के नाम पर चल रहे गैर-कानूनी धंधे के खिलाफ इस कार्रवाई को बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

## विदेश में नौकरी के नाम पर 21 लोगों से 15.34 लाख की ठगी

**भिवंडी.** विदेश में नौकरी दिलाने के बहाने करीब 21 लोगों से 15.34 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. आरोपियों में एक निजी कंपनी का मालिक भी शामिल है.

भिवंडी शहर पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक संजयकुमार रतनकुमार और उसके सहयोगी अयान तथा दो अज्ञात महिलाओं ने विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसे और कई अन्य लोगों को ठगा. "शिकायतकर्ता को कुवैत के मरीना मॉल में सहायक की नौकरी का फर्जी अनुबंध दिखाया गया और एक जाली वीजा भी दिया गया. पुलिस के अनुसार, विभिन्न देशों में रोजगार का आश्वासन देकर कम से कम 21 लोगों के साथ कुल 15,34,000 रुपये की धोखाधड़ी की गई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# अंबरनाथ शिवमंदिर यात्रा की तैयारी जोरों पर

■ 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि का मेला

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के एक हजार वर्ष पुराने शिवमंदिर की यात्रा महाशिवरात्रि 15 फरवरी को है. महाशिवरात्रि को होनेवाली लाखों भक्तों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने कमर कस ली है. भक्तों को शांति एवं अनुशासित तरीके से महादेव के दर्शन हों इसके लिए मंदिर परिसर और बाहरी हिस्से को बैरिकेडिंग करके कतार का नियोजन किया जाएगा. पीने की पानी, स्वच्छता मुहिम, ई मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट लाइट की दुरुस्ती की जा रही है.



सांसद श्रीकांत शिंदे के प्रयास से महायुति सरकार ने शिवमंदिर के आसपास के परिसर का कायापलट, सुशोभिकरण करने के लिए 140 करोड़ रुपए की निधि मंजूर की गई है. अंबरनाथ नगर परिषद के मार्गदर्शन में काशी कॉरिडोर की तर्ज पर सुशोभिकरण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू है. इस प्रकल्प के अंतर्गत परिसर विकसित किया जा रहा है. वाहन स्थल, प्रदर्शन केंद्र, प्रवेश द्वार के समक्ष का नंदी चौक, संरक्षण दीवार, चेक डैम और भक्त निवास का कार्य जोरों से शुरू है. 14 फरवरी की रात से ही शिवमंदिर में भक्तों की भीड़ शुरू हो जाती है. ट्रैफिक नियमों में भी बदलाव किया गया है. उल्हासनगर एवं अंबरनाथ से मंदिर तक जाने वाले रास्ते वाहनों के लिए 15 फरवरी से बंद रखे गए हैं. पुलिस के कड़े बंदोबस्त की तैयारी चल रही है. मंदिर जाने वाले रास्ते के आसपास, राजनीतिक एवं सामाजिक संघटनाओं ने भक्तों को खान पान की अच्छी सुविधा देने के लिए मंडप लगाना शुरू कर दिया है.

# रोटरी क्लब से सम्मान मिलना गौरवशाली क्षण -जगदीश तेजवानी



**उल्हासनगर।** विश्व की सबसे पुरानी व प्रतिष्ठित रोटरी इंटरनेशनल एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सेवा संगठन है, जो बारह लाख से अधिक पेशेवर लोगों को मानवीय कार्यों, शांति स्थापना और साक्षरता-स्वास्थ्य स्वच्छ जल जैसे मुद्दों को हल करने के लिए जोड़ता हैं। हर साल रोटरी क्लब समाजहित में सदैव तत्पर रहने वाले किसी विशिष्ट व्यक्ति का सम्मान करते आया है इसी कड़ी में इस साल साफ छवि के उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी का सम्मान अपनी विशेष सभा OCV में किया गया ।

जहाँ रोटरी क्लब उल्हासनगर सपना गार्डन अध्यक्ष गोरधन गोलानी, कवेश आहूजा, दीपक लीलानी, अलका गोलानी सहित असिस्टेंट गवर्नर, क्लब सेक्रेटरी, ट्रैसरर व कार्यकारिणी मौजूद रही। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर हर्ष मकोल विशेष रूप से मुम्बई से आये इस शानदार आयोजन में अध्यक्ष जगदीश तेजवानी के साथ डॉ. नरेश दुलानी का भी उनके सामाजिक कार्यों के लिए सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में जगदीश तेजवानी के लिये कार्यों को उनके सम्मानित सेक्रेटरी ने बहुत ही प्रशंसनीय शब्दों में प्रस्तुति दी। श्री तेजवानी ने कहा कि रोटरी से सम्मान मिलना उनके लिए गौरवशाली क्षण है।

# शिलफाटा सर्कल पर टेम्पो में लगी आग

**ठाणे.** कल्याण-शिलफाटा सर्कल इलाके में गुरुवार दोपहर एक टेम्पो में अचानक आग लग गई।अच्छी बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ और फायर ब्रिगेड की मुस्तैदी से आग पूरी तरह बुझ गई।ठाणे मनपा आपदा प्रबंधन को शिल फायर स्टेशन से दोपहर करीब 15:35 बजे सूचना मिली। शिल दिवा इलाके में कल्याण-शिलफाटा सर्कल पर महापे से उत्तरशिव जाने वाली सड़क पर टेम्पो में आग लग गई।उस टेम्पो के मालिक और ड्राइवर का नाम जहर अहमद है और वह महापे से उत्तरशिव जा रहा था। टेम्पो में प्लास्टिक के ड्रम, कलर पाउडर वगैरह थे। आग लगते ही ड्राइवर ने सावधानी बरतते हुए तुरंत गाड़ी को सड़क किनारे पार्क किया और गाड़ी से सुरक्षित बाहर निकल गया। इससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।शील फायर स्टेशन के स्टेशन ऑफिसर सरनोबत की देखरेख में फायर ब्रिगेड के लोग 1 फायर इंजन के साथ मौके पर पहुंचे। डाइघर ट्रैफिक पुलिस के लोग भी तुरंत मौजूद थे। फायर ब्रिगेड ने तुरंत आग पर काबू पाने का काम शुरू किया और करीब 15:55 तक आग पूरी तरह बुझ गई।

# बदलापुर-सीएसएमटी के बीच चलेगी 'वंदे मेट्रो'

**मुंबई.** मुंबई में उपनगरीय यात्रा को बढ़ावा देने के लिए बदलापुर से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) के बीच 'वंदे मेट्रो' चलाने का बड़ा प्रपोज़ल आगे बढ़ गया है। यह प्रपोज़ल ऑफिशियली सितंबर 2025 में सबमिट किया गया था और सूत्रों ने बताया है कि प्रोजेक्ट को इन-प्रिंसिपल मंज़ूरी मिल गई है।



इस प्रोजेक्ट के तहत, 12 से 18 कोच वाली एक मॉडर्न, बंद दरवाज़े वाली वंदे मेट्रो ट्रेन चलेगी। स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट टेक्नोलॉजी, ऑटोमैटिक दरवाज़े, तेज़ स्पीड और बेहतर पैसेंजर सुविधाओं के साथ, बदलापुर से CSMT तक का सफ़र सिर्फ़ 45 मिनट में पूरा हो जाएगा। इस रूट पर अभी लगने वाले सफ़र के समय को देखते हुए, यह प्रोजेक्ट हज़ारों रोज़ाना आने-जाने वालों के लिए एक बड़ी राहत होगी।

रेलवे एडमिनिस्ट्रेशन ने इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, सिग्नलिंग सिस्टम को अपग्रेड करने और स्टेशनों पर ज़रूरी बदलावों का आउटलाइन तैयार किया है। बढ़ते पैसेंजर फ्लो को ध्यान में रखते हुए, सर्विस को फेज़ में शुरू करने का प्लान है।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यह प्रोजेक्ट मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन में ट्रांसपोर्ट सिस्टम को एक नई दिशा देगा और पूर्वी सबअर्ब्स में कनेक्टिविटी को और आसान बनाएगा। 2030 तक प्रोजेक्ट पूरा होने का टारगेट है.

# मोरीवली नाका के पास मौत का जाल

■ खुले चैंबर से एक्सीडेंट का खतरा

**अंबरनाथ.** कल्याण-कर्जत स्टेट हाईवे पर मोरीवली नाका के पास खुले चैंबर से ड्राइवरों और पैदल चलने वालों की जान को खतरा होने की आशंका बन गई है। नागरिकों में इस बात को लेकर गहरा गुस्सा है कि प्रशासन ने इस गंभीर समस्या पर परमानेंट ध्यान देने के बजाय, इसे सिर्फ कुछ समय के लिए ही बंद किया है। सेफ कवर न होने की वजह से यह इलाका अब एक्सीडेंट का सेंटर बनता जा रहा है, और किसी के मारे जाने का डर बना हुआ है।



अंबरनाथ के पश्चिमी हिस्से में मोरीवली नाका एक अहम एंट्री गेट है और यहां बड़ी संख्या में मीट की दुकानें हैं। इसलिए, सुबह से रात तक शॉपिंग के लिए नागरिकों की भारी भीड़ रहती है। ग्राहक जहां सड़क के किनारे अपनी गाड़ियां पार्क करके शॉपिंग करते हैं, वहीं भारी गाड़ियां भी इस सड़क पर लगातार तेज स्पीड से चलती रहती हैं। ऐसे में, सड़क पर खुला चैंबर और उस पर बनी व्यवस्था रात के अंधेरे में टू-व्हीलर चलाने वालों के लिए जानलेवा हो सकती है।

स्थानीय लोगों को डर है कि सीनियर सिटिज़न और खासकर पैदल चलने वालों के पैर इस खतरनाक चैंबर में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं। क्या एडमिनिस्ट्रेशन किसी बड़े एक्सीडेंट का इंतज़ार कर रहा है? परेशान गाड़ी चलाने वाले अब गुस्से में यही सवाल पूछ रहे हैं। इस जगह पर सिर्फ़ टेम्परारी ऑप्शन ढूंढने के बजाय, अब यह मांग ज़ोर पकड़ रही है कि तुरंत एक मज़बूत और पक्का कवर लगाया जाए और सड़क को सुरक्षित बनाया जाए। क्योंकि बार-बार शिकायत करने के बाद भी सिर्फ़ दिखावे के लिए रिपेयर किया जा रहा है, इसलिए लोकल लोगों ने अब अपना गुस्सा ज़ाहिर किया है और पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट से एक्शन लेने की मांग की है।

# रमाई जयंती उत्साह के साथ मनाई गई



**उल्हासनगर.** त्याग, सेवा और सामाजिक समानता के आदर्शों को बनाए रखने वाले त्यागमूर्ति रमाई भीमराव अंबेडकर के विचारों को वंदन करते हुए, उल्हासनगर में जयंती समारोह सामाजिक प्रतिबद्धता का एक नज़ारा बन गया। बुद्ध-फुले-आंबेडकरी विचारों की भावना के साथ, ज़रूरतमंद महिलाओं की मदद करने और बहुजन एकता का संदेश देते हुए, समारोह उत्साह के साथ हुआ।

उल्हासनगर कैंप नंबर 5, खाड़ी मशीन इलाके में, रमाई बुद्ध विहार समिति और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया द्वारा मिलकर, त्यागमूर्ति रमाई भीमराव अंबेडकर की 128वीं जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। यह जयंती समारोह रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया की नई महिला शहर ज़िला अध्यक्ष आशा सोनवणे की पहल पर आयोजित किया गया था। फुले और शिवाजी की विचारधारा पर आधारित आंदोलन के गीत पेश किए गए।

रिपब्लिकन पार्टी के सेंट्रल ट्रेज़रर बी.बी. मोरे, ठाणे स्टेट प्रेसिडेंट अन्नासाहेब रोकड़े, महापौर अश्विनी निकम, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी की स्टेट जनरल सेक्रेटरी सोनिया धामी, कॉर्पोरेटर संघमित्रा हजारे, बापू सोनवणे और कई दूसरे जाने-माने लोग मौजूद थे।



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास – मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### मदद करने वाले कुचले गए

सरकार के तमाम दावों के बावजूद वाहनों की तेज रफ्तार पर लगाम नहीं लग पा रही है। देश भर में हर साल होने वाले सड़क हादसों में तेज गति से वाहन चलाना एक बड़े कारण के रूप में उभरकर सामने आता है। वजह साफ है कि यातायात नियमों का पूरी तरह अमल सुनिश्चित करने में हर स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। खास तौर से राजमार्गों पर चलने वाले भारी वाहनों से जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है। नतीजा यह है कि व्यवस्था में खामियों का खमियाजा निर्दोष लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर-62 के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर सोमवार देर रात हुआ, जिसमें एक घायल व्यक्ति की मदद कर रहे तीन लोगों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिनमें से दो की मौत हो गई। इस घटना ने सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फिर से गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या राजमार्गों पर वाहनों के गति मापक यंत्रों का अभाव है या फिर उनका संचालन ठीक तरह से नहीं हो पा रहा है?

दरअसल, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर एक ट्रक की टक्कर से पिकअप वाहन में सवार व्यक्ति घायल हो गया था। इस दौरान वहां से गुजर रहे कुछ लोग घायल व्यक्ति की मदद के लिए आगे आए और उसे क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकालने का प्रयास करने लगे। इस बीच सामने से आए एक अन्य तेज रफ्तार ट्रक ने तीन लोगों को टक्कर मार दी।

कहा जा रहा है कि इस हादसे में जख्मी लोगों को अस्पताल ले जाने के लिए तत्काल कोई मदद नहीं मिल पाई। ऐसे में राजमार्गों पर कोई हादसा होने पर तुरंत सहायता पहुंचाने के सरकारी तंत्र पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

दूसरा, इस बात पर भी गंभीरता से गौर करने की जरूरत है कि आखिर वाहनों की तेज रफ्तार पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? जाहिर है अगर कुछ वाहन चालकों को यातायात नियमों की परवाह नहीं है और न ही उन्हें कानून का खौफ है, तो इसकी मूल वजह का पता लगाए बिना समस्या का समाधान संभव नहीं हो सकता है।

# विभाजनकारी एजेंडे से बचाए जाएं विश्वविद्यालय

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट में उच्च शिक्षा आवंटन को 11 प्रतिशत बढ़ाकर 55,727 करोड़ कर दिया है। इसके साथ ही प्रमुख औद्योगिक गलियारों में पांच विश्वविद्यालय टाउनशिप स्थापित कर शैक्षणिक क्षेत्रों को अनुसंधान और उद्योग के साथ एकीकृत करने का प्रस्ताव है। जहां चीन जैसे देश का उच्च शिक्षा बजट भारत से छह गुना अधिक है, वहां यह उतना पर्याप्त तो प्रतीत नहीं होता, किंतु यह सराहनीय है कि इस मोर्चे पर एक पहल तो हुई है। हालांकि आवंटन से परे चिंता की बात यह है कि सरकार विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक परिवेश को लेकर कितनी गंभीर है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के कुछ नियमों ने बीते दिनों समाज के कुछ वर्गों में असंतोष बढ़ाने का काम किया। घोषित रूप से ये नियम शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति एवं महिला उत्पीड़न को रोकने के लिए बनाए गए थे, परंतु सामान्य वर्ग को इन नियमों के दुरुपयोग का भय था, क्योंकि निगरानी टीमों में सामान्य वर्ग के प्रतिनिधित्व की स्पष्ट बात नहीं थी और झूठी शिकायतों पर कार्रवाई का प्रविधान भी नहीं था। इनके दुरुपयोग की आशंका अकारण नहीं थी। एससी-एसटी एक्ट के दुरुपयोग के कई मामले सामने आते रहे हैं।

जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न भारतीय समाज का दुखद पहलू रहा है और आज भी कई क्षेत्रों में इससे मुक्ति नहीं मिली है, परंतु शैक्षणिक संस्थानों में शायद यह समस्या उतनी बड़ी नहीं है। वहां तो विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए युवाओं के बीच



आजीवन चलने वाली मित्रता बनती हैं। आंकड़े देखे जाएं तो 2023-24 में 3,000 शिक्षा संस्थानों से 378 ऐसी शिकायत मिली थीं। ऐसे में गंभीर मामलों में पहले से मौजूद कानूनी प्रविधानों के तहत कार्रवाई हो सकती थी और नए विद्यार्थियों को ओरिएंटेशन आदि से संवेदनशील बनाया जा सकता है। फिलहाल सर्वोच्च न्यायालय ने इन नियमों को स्थगित कर दिया है, परंतु सवाल सरकार की बुद्धिमत्ता पर उठता है, जो उच्च शिक्षा के स्तर को सुधारने के बजाय विश्वविद्यालयों को सामाजिक-राजनीतिक संघर्ष का मैदान बनाए दे रही है।

पश्चिम में यूनिवर्सिटी कैंपसों को संघर्ष एवं क्रांति का मैदान बनाने की कवायद तब से जारी है, जब से मार्क्सवादियों का विश्वास उस सर्वहारा क्रांति से उठा, जिसमें मजदूर वर्ग पूंजीवादी व्यवस्था को उखाड़ सत्ता पर नियंत्रण करता। इसके बाद सांस्कृतिक मार्क्सवाद की परिवर्तित अवधारणा ने क्रांति की उम्मीद जातीय, नस्लीय, मजहबी एवं लैंगिक अल्पसंख्यकों की गोलबंदी और उग्र फेमिनिज्म एवं पर्यावरण आदि आंदोलनों को जोड़कर बनाई। फ्रैंकफर्ट विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट फार सोशल रिसर्च नामक संस्थान में प्रथम विश्व युद्ध के बाद इन नव-मार्क्सवादी विचारों का जन्म हुआ, लेकिन नाजी शासन में यह संस्थान अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में स्थानांतरित हो गया। अमेरिका के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में पैर जमा चुके नव-वामपंथियों ने विश्वविद्यालयों को जब अपना युद्धक्षेत्र बनाया, तब इसमें कुछ भी दबी-छिपी बात नहीं थी। फ्रैंकफर्ट स्कूल के अतिवादी विचारक हर्बर्ट मारक्यूज ने उच्च शिक्षा संस्थानों के माध्यम से क्रांतिकारी चेतना के प्रसार की वकालत की। इसी विचार के हिमायती रूडी डुट्सके ने "लांग मार्च थ्रू द इंस्टीट्यूशंस" नामक प्रस्ताव रखा। इन अतिवादी विचारों ने अमेरिकी अकादमिक परिदृश्य को इस कदर बदला कि विश्वविद्यालयों में पारंपरिक सिद्धांतों के पठन-पाठन के लिए कोई जगह नहीं है। उनमें वामपंथी विचारों को ही परोसा जा रहा है। समाज का विश्लेषण नस्लीय सामूहिक पहचानों के माध्यम से करने वाली क्रिटिकल रेस थ्योरी हर पहलू को उत्पीड़क और पीड़ित वर्गों में बांट कर करती है।

अमेरिका के सबसे बड़े शिक्षक संघ नेशनल एजुकेशन एसोसिएशन ने दावा किया था कि अमेरिका में होने वाली सैट परीक्षा में अश्वेतों के उत्तीर्ण होने की दर इसलिए खराब है, क्योंकि प्रश्नपत्र श्वेत प्राध्यापक तय करते हैं। राहुल गांधी ने इसी बेतुकी बात को आधार बनाकर कहा कि जेईई परीक्षा में दलित परीक्षार्थियों के कम अंक आने का कारण "उच्च जाति" के प्राध्यापकों द्वारा प्रश्न पत्र तय करना है। इसी तरह अमेरिकी संस्था "द सेंटेंसिंग प्रोजेक्ट" समेत अन्य बुद्धिजीवियों ने जेलों में अश्वेत कैदियों की बड़ी संख्या का दोषी श्वेत लोगों द्वारा बनाए गए कानून और न्याय व्यवस्था को बताया।





संतुलन, स्थिरता से आता है, स्थिरता, प्रभु के साथ संपर्क से आती है। प्रभु के साथ यह संपर्क ध्यानाभ्यास से आता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# आठ लाख से ज्यादा लोग लापता

देश भर में हर साल बड़ी संख्या में लोग लापता हो जाते हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे, महिलाएं और लड़कियां शामिल होती हैं। इस वर्ष जनवरी के पहले पखवाड़े में दिल्ली से आठ सौ से अधिक लोगों के लापता होने की खबरों ने इस मसले की गंभीरता को फिर से उजागर किया है। मगर हैरत की बात है कि इस आपराधिक समस्या से निपटने के लिए अब तक राष्ट्रीय स्तर पर कोई एकीकृत प्रयास होते नजर नहीं आए हैं। यहां तक कि लापता होने की घटनाएं और उनमें से कितने लोगों को ढूंढ़ लिया गया तथा ऐसे मामलों के पीछे किसका हाथ था, इसका एकीकृत राज्यवार ब्योरा भी मुश्किल से दर्ज हो पाता है।

यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को इस मसले पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से कहा कि वह इस बात का पता लगाए कि देश के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी देशव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है। इसके लिए तमाम राज्यों से ऐसे मामलों की संख्या और कार्रवाई का ब्योरा संकलित कर उनका विश्लेषण करने का निर्देश भी दिया गया है।

गौरतलब है कि देश भर में बच्चों की गुमशुदगी के मामलों से संबंधित आंकड़ों के संकलन के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की




ओर से एक पोर्टल बनाया गया है, जिस पर सभी राज्य ऐसी घटनाओं का ब्योरा दर्ज करा सकते हैं। मगर, इस प्रक्रिया में भी सरकारी तंत्र की उदासीनता साफ देखी जा सकती है। केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में खुद यह बात स्वीकार की है कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और उनसे संबंधित अभियोजन से जुड़े आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं।

दरअसल, पिछले वर्ष दिसंबर में शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को लापता बच्चों के सिलसिले में छह साल के राष्ट्रव्यापी आंकड़े उपलब्ध कराने और ऐसे आंकड़ों के संकलन में राज्यों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने को कहा था। इससे पहले राज्यों को बच्चों की गुमशुदगी के मामलों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का निर्देश भी दिया गया था। इसके बावजूद अगर राज्यों की ओर से संबंधित ब्योरा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, तो इससे सरकारी तंत्र में व्यवस्थागत खामियों का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

इसमें दोराय नहीं कि देश की राजधानी दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों में विशेषकर बच्चों, महिलाओं और लड़कियों के लापता होने की घटनाएं जितनी बड़ी संख्या में सामने आ रही हैं, उससे इस आशंका को दरकिनार नहीं किया जा सकता है कि इसके पीछे देशव्यापी या राज्य स्तरीय गिरोहों का हाथ हो सकता है। इसलिए इस बात की गहन जांच-पड़ताल जरूरी है कि लापता होने की ज्यादातर घटनाओं में किसी तरह कोई समानता तो नहीं है! मगर यह तभी संभव होगा, जब राष्ट्रीय स्तर पर ऐसे मामलों से जुड़े आंकड़ों का संकलन हो पाएगा।

इस मसले की गंभीरता का अंदाजा राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट से लगाया जा सकता है, जिसके मुताबिक, वर्ष 2023 में देश भर में आठ लाख से ज्यादा लोग लापता हुए थे। दिल्ली जैसे बड़े शहरों में यह समस्या ज्यादा गंभीर है। ऐसे में जरूरी है कि हर राज्य अपनी जिम्मेदारी को समझे और लापता होने के मामलों में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अगर कहीं कोई लापरवाही बरती जाती है, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए, ताकि व्यवस्था में आम लोगों का भरोसा कायम रह सके।

# आखिर कितने में बिकता है हाथी का दांत?

हाथी के दांत या सही तरीके से कहें तो टस्क, प्राचीन काल से इंसानों के लिए कीमती रहे हैं. ये सिर्फ दांत नहीं, बल्कि लगातार बढ़ने वाले लंबे दांत होते

**जरा हट के**

हैं जो हाथी के लिए हथियार, खोदने का औजार और सामाजिक स्थिति का प्रतीक होते हैं. लेकिन आज ये टस्क हाथियों के लिए मौत का कारण बन गए हैं. ब्लैक मार्केट में इनकी कीमत इतनी ज्यादा है कि शिकारी एक टस्क बेचकर अमीर हो जाते हैं, जबकि हाथी प्रजाति विलुप्ति के कगार पर पहुंच रही है. आखिर क्या है हाथी का ivory?

Ivory हाथी के टस्क से निकलने वाली डेंटिन होती है, जिसमें कोलेजन, पानी और हाइड्रॉक्सीऐपेटाइट मिनरल्स होते हैं. अफ्रीकी हाथियों में नर-मादा दोनों के टस्क बड़े होते हैं, जबकि एशियाई हाथियों में ज्यादातर सिर्फ नर के पास होते हैं. ये टस्क खुदाई, लड़ाई और भोजन ढूंढने में इस्तेमाल होते हैं. लंबे टस्क वाले हाथी झुंड में ऊंचा दर्जा पाते



हैं. लेकिन इंसानों ने इन्हें ज्वेलरी, मूर्तियां, दवाइयां और लग्जरी आइटम्स बनाने के लिए इस्तेमाल किया है.

दोनों में समान कंपोजिशन होता है, लेकिन ivory ज्यादा घना, चिकना और भारी होता है. हड्डी पोरोस होती है, जिसमें ब्लड वेसल्स के छोटे छेद होते हैं. ivory स्क्रैच ज्यादा रेसिस्ट करता है (Vickers hardness 35) और पॉलिश करने पर Schreger lines (चीवरन पैटर्न) दिखाते हैं. यही वजह है कि असली ivory पहचानना आसान होता है.

025-2026 के हालिया आंकड़ों के मुताबिक, ब्लैक मार्केट में raw ivory की कीमत क्षेत्र के हिसाब से बदलती है. अफ्रीका में औसतन 75-400 डॉलर प्रति किलो (करीब 6,000-33,000 रुपये), लेकिन एशिया (वियतनाम, थाईलैंड, चीन) में 1,000-3,000 डॉलर प्रति किलो (करीब 83,000-2.5 लाख रुपये) तक पहुंच जाती है. भारत में हालिया जब्ती मामलों में 15 लाख से 25 लाख रुपये प्रति किलो तक अनुमान लगाया गया है. एक अच्छा अफ्रीकी नर हाथी का टस्क 23-45 किलो (औसत 50-99 पाउंड) वजनी होता है, जबकि मादा का 18-20 किलो तक होता है. यानी एक टस्क से शिकारी को 20 लाख से 1 करोड़ रुपये तक मिल सकते हैं—कभी-कभी ज्यादा भी.

# मटर निमोना




मटर निमोना खाने में बेहद स्वादिष्ट और जायकेदार होता है. ऐसे में किसी और सब्जी की जगह आप मटर निमोना सर्व करके सभी को इंप्रेस कर सकते हैं. आइए जानते हैं मटर निमोना बनाने की रेसिपी, जिसे फॉलो करके आप सर्दियों में टेस्टी और डिलिशियस डिश का लुत्फ उठा सकते हैं.

### सामग्री

मटर निमोना बनाने के लिए 2 कप ताजा मटर, 4 चम्मच पानी, 1 चम्मच जीरा, 8 काली मिर्च, 15 लहसुन की कलियां, 3 इंच अदरक का टुकड़ा, 4 हरी मिर्च, 7 चम्मच तेल, 4 आलू, 2 तेज पत्ता, 2 हरी मिर्च दो टुकड़ों में कटी हुई, 2 कप पानी, चम्मच जीरा, कप धनिया पत्ता, 1 चम्मच साबुत धनिया, कप साबुत मटर, चम्मच हल्दी पाउडर, चम्मच हींग और स्वादानुसार नमक ले लें.

### बनाने की रेसिपी

मटर निमोना बनाने के लिए सबसे पहले मिक्सर ग्राइंडर में मटर, धनिया पत्ता और थोड़ा सा पानी डालकर पीस लें. मगर ध्यान रहे कि पेस्ट ज्यादा महीन ना हो. इसलिए मटर को हल्का दरदरा ही



पीसें और इसे बॉउल में पलटकर साइड में रख दें. वहीं निमोने का मसाला बनाने के लिए मिक्सर जार में जीरा, काली मिर्च, साबुत धनिया, लहसुन की कलियां, अदरक के टुकड़े, हरी मिर्च और पानी एड करें. सभी चीजों को पीसकर बारीक पेस्ट बना लें. निमोना की ग्रेवी बनाने के लिए कढ़ाई में तेल गर्म करें.

फिर इसमें आलू के टुकड़े डालकर डीप फ्राई कर लें. अब फिर कढ़ाई में तेल गर्म करें और इसमें हींग, जीरा और तेज पत्ता डालकर चलाएं. फिर इसमें हरी मिर्च और मटर का पेस्ट एड कर दें. सभी चीजों को 2 मिनट तक पकाएं. फिर इसमें साबुत मटर डालकर पकने दें. अब इसमें मसालों का पेस्ट डालें और कुछ देर पकाने के बाद पानी मिक्स कर दें. फिर इसमें फ्राई की हुई आलू डालकर 10 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं और गैस बंद कर दें. बस आपका मटर निमोना तैयार है, इसे रोटी के साथ सर्व करें.

# आपकी आंतों के लिए 'दुश्मन' जैसे हैं ये खाद्य पदार्थ

### ज्यादा सेवन से बढ़ सकती हैं कई दिक्कतें

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पाचन का ठीक रहना आवश्यक है और पाचन ठीक रहे इसके लिए जरूरी है कि आपकी आंतें ठीक तरीके से काम करती रहें। आंतें, भोजन को पचाने से लेकर मेटाबॉलिज्म को ठीक रखने, भोजन से पोषक तत्वों को निकालने में मदद करती हैं। हालांकि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को जोखिम बढ़ता जा रहा है, आंतों की सेहत पर भी इसका नकारात्मक असर हो रहा है।

आहार में गड़बड़ी के कारण आंतों में मौजूद गुड बैक्टीरिया प्रभावित हो सकते हैं, जिससे पाचन विकारों का खतरा हो रहता है। आंतों में होने वाली समस्या के



कारण थकान, पेट की खराबी, त्वचा की समस्याओं के साथ कई प्रकार की ऑटोइम्यून बीमारियों का भी जोखिम हो सकता है। कहीं आपको भी आंतों की कोई दिक्कत तो नहीं है?

### आंतों के लिए जरूरी हैं गुड बैक्टीरिया

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे शरीर के पाचन तंत्र में बैक्टीरिया, वायरस और कवकों की लगभग 200 विभिन्न प्रजातियां होती हैं। कुछ सूक्ष्मजीव हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं जबकि कुछ के अविश्वसनीय रूप से लाभ हो सकते हैं। शोध से संकेत मिलता है कि आंतों में पर्याप्त मात्रा में गुड बैक्टीरिया होने से पाचन विकारों के अलावा कई प्रकार की बीमारियों जैसे मधुमेह, इंफ्लामेटरी बाउल सिंड्रोम (आईबीडी) की दिक्कतों से बचाव हो सकती है। हमारे खान-पान की कुछ चीजें आंतों के बैक्टीरिया को प्रभावित कर सकती हैं, इन चीजों को आंतों के लिए हानिकारक माना जाता है।

### तले हुए और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ

आहार में कुछ प्रकार की चीजों, विशेषतौर पर तले हुए और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ आंतों के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। तले हुए खाद्य पदार्थ आंत संबंधी समस्याएं पैदा कर सकते हैं और पचान को कठिन बना सकते हैं। तले हुए खाद्य पदार्थों की ही तरह से प्रोसेस्ड चीजों के सेवन के कारण भी आंतों और पाचन विकारों का खतरा हो सकता है। इन चीजों के अधिक सेवन के कारण कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का भी जोखिम हो सकता है।

### ज्यादा कैफीन भी आंतों के लिए हानिकारक

कैफीन के अधिक सेवन को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। इसके अधिक सेवन से आंतों की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। अधिक मात्रा में कॉफी का सेवन करने से सीने में जलन, अपच और एसिड रिफ्लक्स जैसी पाचन संबंधी समस्याओं के बढ़ने का खतरा हो सकता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि ज्यादा कैफीन का सेवन करने से नींद विकारों की भी जोखिम हो सकता है।

### रेड मीट के अधिक सेवन से करें बचाव

अध्ययनकर्ताओं ने बताया, रेड मीट वैसे को आयरन के सबसे बेहतर स्त्रोतों में से एक है, पर इसके नियमित या अधिक सेवन के कारण अपच की समस्या हो सकती है। यह आंत में बैक्टीरिया के विकास को भी ट्रिगर करता है, धमनियों को अवरुद्ध कर सकता है और इसके अधिक सेवन से हृदय रोग का खतरा भी बढ़ सकता है। रेड मीट का अधिक सेवन करने वाले लोगों में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की समस्या भी अधिक हो सकती है, जो हृदय रोगों के प्रमुख कारकों में से एक है।

## आज का राशिफल

**मेष** : रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें।

**वृषभ** : पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें।

**मिथुन** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

**कर्क** : आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** : तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें।

**कन्या** : वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। व्यापार ठीक चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

**तुला** : शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक** : संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

**धनु** : मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** : लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कुंभ** : मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। अनुकूलता का लाभ लें।

**मीन** : पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# किडनी पेशेंट के लिए कौन-सी दाल है बेस्ट



शरीर के सभी अंगों का सही तरह से काम करना बहुत जरूरी है। किड़नी शरीर के उन अंगों में से एक है जो टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद करती है। किडनी को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। वहीं, किडनी को स्वस्थ रखने के लिए डायट का ख्याल रखना चाहिए। जिन लोगों की किडनी डैमेज हो जाती है उन लोगों को खासकर खानपान पर ध्यान देना चाहिए। वैसे तो दाल सेहत के लिए फायदेमंद है लेकिन किडनी के मरीजों को कुछ दालों से परहेज करना चाहिए। यहां जानिए किडनी पेशेंट के लिए बेस्ट दाल।

### मूंग दाल

किडनी के मरीजों के लिए मूंग दाल प्रोटीन का सबसे अच्छा स्त्रोत है। इसकी खिचड़ी खाना अच्छा माना जाता है। खिचड़ी में दाल के साथ चावल का इस्तेमाल किया जाता है। इसका मिक्स अमीनो एसिड की जरुरत को पूरा करता है, जिससे यह पूर्ण प्रोटीन स्रोत बन जाता है।

### अरहर दाल

अरहर दाल कोलेस्ट्रॉल फ्री होती है और इसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और फाइबर होता है। इसके अलावा, यह पाचन के लिए अच्छी है। वहीं ये पेट के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए एक हेल्दी ऑप्शन है।

### सीमित मात्रा में खाएं ये दाल

### उड़द दाल

उड़द की दाल शरीर में यूरिक एसिड के प्रोडक्शन को बढ़ाती है, जिसे किडनी को निकालना होता है। यह दाल किडनी फेलियर से पीड़ित व्यक्ति की किडनी पर प्रेशर डाल सकता है। ऐसे में इसे कम मात्रा में खाना बेहतर है।

### मसूर की दाल

मसूर दाल में ज्यादा मात्रा में फोलेट, पोटेशियम, ट्रिप्टोफैन, कॉपर, आयरन होता है। इस दाल को खाने के बाद किडनी को वेस्ट प्रोडक्ट को बाहर निकालने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। किडनी की बीमारियों से पीड़ित लोगों को कम मात्रा में इस दाल को खाना बेहतर है।

### चना दाल

चना दाल को पचने में काफी समय लगता है। ऐसे में किडनी की बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को इसका कम से कम मात्रा में सेवन करना चाहिए। डायलिसिस वाले पेशेंट को इसे खाने से बचना चाहिए।

### दाल खाने के लिए किडनी पेशेंट अपनाएं ये तरीका?

किडनी पेशेंट दाल पकाने से पहले उसे पानी में जरूर भिगोएं। इससे दाल में पोटेशियम की मात्रा कम हो जाएगी, जिससे किडनी पर भार कम करने में मदद मिलेगी।

# सर्दी-जुकाम से छुटकारे के लिए पीएं बेसन का शीरा

बदलते मौसम में खांसी-जुकाम और गला खराब होने जैसी आम समस्या लोगों को होती रहती हैं। इन दिनों मौसम में कभी तेज धूप होती है तो कभी तेज ठंडी हवा लोगों को परेशान कर देती है। इससे राहत पाने के लिए कुछ नुस्खे काम आ सकते हैं। शरीर को गर्म रखने के लिए बेसन का शीरा फायदेमंद है। किसी को अगर तेज सर्दी और जुकाम है तो वह भी शीरा पीने पर ठीक हो सकता है।

### बेसन का शीरा बनाने के लिए आपको चाहिए...

2 कप दूध
1.5 बड़ा चम्मच बेसन
1/4 चम्मच साबुत काली मिर्च का पाउडर
एक चुटकी हल्दी पाउडर
3 चम्मच गुड़
1 बड़ा चम्मच घी
1 बड़ा चम्मच बादाम
4-5 इलायची

### कैसे बनाएं शीरा

1) इसे बनाने के लिए एक सॉस पैन में घी गर्म करें, और फिर उसमें बेसन डालें। इसे सुनहरा और खुशबूदार होने तक धीमी आंच पर



भून लें।

2) जब ये भुन जाए तो इसमें कुटी हुई इलायची और बादाम डालें।

3) धीरे-धीरे दूध डालें और अच्छी तरह फेंटें ताकि गुठलियां न पड़ें।

4) फिर इसमें हल्दी और पिसी हुई काली मिर्च डालें।

5) इसे 5 मिनट तक फेंटें जब तक यह थोड़ा गाढ़ा न हो जाए।

6) आंच बंद कर दें, और फिर गुड़ पाउडर मिलाएं। ध्यान रखें की गुड़ को सबसे अंत में आंच बंद करने के बाद ही डालें, अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो दूध फटने के चांस बढ़ सकते हैं।

7) सर्दी और खांसी से तुरंत राहत पाने के लिए गर्म बेसन का शीरा रात को सोते समय पीएं।

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### कानपुर में सड़क के किनारे गड्ढे में गिरे बाइक सवार की मौत, रात भर कीचड़ में फंसा रहा

**कानपुर.** खुले गड्ढे और मैनहोल लगातार लोगों की जान ले रहे हैं। फरवरी के पहले हफ्ते में दिल्ली के जनकपुरी में गड्ढे में गिरने से कमल की मौत हो गई, जबकि रोहिणी सेक्टर-32 में मैनहोल में गिरने से बिरजू ने जान गंवाई। तीन दिन पहले मेरठ में एक युवक का शव नाले में मिला था। अब ताजा मामला कानपुर देहात से सामने आया है, जहां सड़क किनारे खुदे गड्ढे में गिरने से एक बिजली कर्मी की मौत हो गई है। दरअसल, कानपुर देहात के शिवली कोतवाली क्षेत्र के मरहमताबाद के पास बेला-कानपुर मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे कीचड़ भरे गड्ढे में गिर गई। रातभर किचड़ में फंसे रहने से युवक की मौत हो गई।

### खरीदी चाकू और लगवाई धार, फिर बड़े भाई का किया खून; UPSC की तैयारी करता था आरोपी

**गोंडा.** यूपी के गोंडा जिले में यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवक ने पढ़ाई के लिए पर्याप्त धन मिलने में बड़े भाई के टांग अड़ाने की आशंका में चाकू से गोदकर हत्या कर दी। हत्या से पहले आरोपी ने स्थानीय बाजार से 60 रुपये का चाकू खरीदा था और 20 रुपये खर्च कर उस पर धार लगवाई। हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी विनीत जायसवाल ने खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर आलाकत्ल चाकू व 31 हजार 500 रुपये भी बरामद किए हैं। करनैलगंज के दुल्हिनपुरवा के मौजा नरायनपुरवा माझा में बीते तीन फरवरी की रात शिवशंकर दुबे पुत्र देवीदयाल दुबे उम्र करीब 30 वर्ष की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। कोतवाली व एसओजी की संयुक्त टीम ने इलेक्ट्रानिक एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर घटना का अनावरण करते हुए छोटे भाई अमरनाथ दूबे पुत्र देवीदयाल दूबे को गांव के बाहर पक्की सड़क के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### पत्नी संग रिटायर्ड दरोगा का शव पंखे से लटका मिला, अवसाद में कर ली आत्महत्या

**मेरठ.** यूपी के मेरठ में गंगानगर स्थित रक्षापुरम सेक्टर-4 निवासी रिटायर्ड दरोगा और उनकी पत्नी की लाश बुधवार सुबह घर के अंदर कमरे में फंदे पर लटकी मिली। सुबह घर में साफ-सफाई करने पहुंची नौकरानी ने पड़ोसियों को सूचना दी। हापुड़ जिले के ददायरा गांव निवासी चौधरी लल्लू सिंह पत्नी संतोष के साथ रक्षापुरम सेक्टर-4 स्थित मकान नंबर 04/192 में रहते थे। वर्ष 2020 में लल्लू सिंह यूपी पुलिस से दरोगा से रिटायर्ड हुए थे। बड़ा बेटा संदीप एयरफोर्स से रिटायर्ड होने के बाद गंगानगर की गंगाधाम कॉलोनी में पत्नी रविता व दो बच्चों के साथ रहता है, जबकि बेटी नीतू की शादी बाबूगढ़ छावनी के पास सिमरोली गांव निवासी शुभम से हुई है। शुभम सेना में जवान है। चौधरी लल्लू सिंह और उनकी पत्नी संतोष देवी रक्षापुरम में अकेले ही रह रहे थे।

### फेसबुक फ्रेंड से तीन बच्चों की मां को हुआ प्यार, प्रेमी और उसके दोस्त से कराई पति की हत्या

**झांसी.** झांसी जिले में बीते दिनों हुई जगभान कुशवाहा की हत्या का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। इस हत्याकांड की मास्टरमाइंड कोई और नहीं बल्कि उसकी पत्नी ही निकली, जिसने फेसबुक पर बने अपने प्रेमी और उसके साथी के साथ मिलकर इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पत्नी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीती 31 जनवरी 2026 को नवाबाद थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पुलिया नंबर 9 के पास एक अज्ञात व्यक्ति का लहूलुहान शव मिला था।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नए कार्यालय में शिफ्ट होंगे

- **सेवा तीर्थ के साथ कर्तव्य भवन 1-2 का उद्घाटन**
- **नॉर्थ-साउथ ब्लॉक से सभी मंत्रालय भी हटेंगे**

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार यानी कि 13 फरवरी को सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत निर्मित अपने नए कार्यालय परिसर 'सेवा तीर्थ' (Seva Teerth) का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे निर्धारित है। सेवा तीर्थ का पुराना नाम 'एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव' था, जो अब नए नाम से प्रशासनिक कार्यों का केंद्र बनेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) के अलावा, 'सेवा तीर्थ' परिसर में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और मंत्रिमंडल सचिवालय भी स्थित होंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह उद्घाटन भारत के प्रशासनिक शासन ढांचे में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर है और एक आधुनिक, कुशल और नागरिक-केंद्रित शासन पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को दर्शाता है।




कई दशकों से प्रमुख सरकारी कार्यालय और मंत्रालय सेंट्रल विस्टा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिखरे हुए और पुराने बुनियादी ढांचे से काम कर रहे थे। इस बिखराव के कारण परिचालन अक्षमता, समन्वय की चुनौतियां और रखरखाव की लागत अधिक थी। नए भवन इन मुद्दों का समाधान करते हुए प्रशासनिक कार्यों को आधुनिक, भविष्य के लिए तैयार सुविधाओं के

### 'कर्तव्य भवन' में शिफ्ट होंगे प्रमुख मंत्रालय

प्रधानमंत्री 'सेवा तीर्थ' के साथ-साथ 'कर्तव्य भवन-1 और 2' का भी उद्घाटन करेंगे। इन आधुनिक भवनों में कई प्रमुख मंत्रालय काम करेंगे। वित्त मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के साथ-साथ कॉर्पोरेट मामले, संस्कृति, कानून और न्याय, सूचना और प्रसारण, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय आदि इसमें शामिल हैं।

इस परिवर्तन की घोषणा सबसे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिसंबर 2025 में की थी। उन्होंने कहा था कि मोदी सरकार के लिए पिछले 11 साल सत्ता नहीं, बल्कि सेवा के पर्याय रहे हैं। अमित शाह ने कहा था, ₹इस दिशा में, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने सेवा का संकल्प दोहराया है और प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम 'सेवा तीर्थ' रखा है।₹ उन्होंने यह भी बताया था कि इसी तरह राजभवन और राजनिवास का नाम बदलकर 'लोक भवन' और 'लोक निवास' किया जा रहा है।

# सबसे बड़ी रक्षा डील को DAC की मंजूरी



- **खरीदे जाएंगे 114 नए राफेल जेट और 6 P-8I एयरक्राफ्ट**

ऑपरेशन सिंदूर में राफेल फाइटर जेट के जौहर देखने के बाद सरकार और वायुसेना का भरोसा लगातार इस फ्रांसीसी फाइटर जेट पर बढ़ रहा है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को रक्षा अधिग्रहण परिषद(डीएसी) की एक बैठक हुई। इस बैठक में मंत्रालय ने 114 राफेल फाइटर जेट की खरीद को मंजूरी दे दी है। यह डील करीब 3.25 लाख करोड़ रुपए में होने वाली है।

क्रॉनिकल्स की रिपोर्ट के मुताबिक डीएसी के साथ इस बैठक में केवल राफेल फाइटर जेट को लेकर ही चर्चा नहीं हुई, बल्कि तमाम अन्य आधुनिक हथियारों के अधिग्रहण को लेकर भी बात की गई। इसमें मुख्य रूप से फ्रांस से स्कैल्प क्रूज मिसाइल और अमेरिका से P-8I समुद्री निगरानी विमान और भारत के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट सुदर्शन रक्षा कवच के लिए एस-400 की रक्षा खरीद पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी हथियारों को बढ़ावा देने के लिए भी मंत्रालय ने रक्षा एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किए गए एक लाख 'विभव प्वाइंट एंटी टैंक माइंस' को भी मंजूरी देने की संभावना जताई है।

#### 114 नए राफेल जेट में क्या खास?

भारतीय वायुसेना के पास वर्तमान में 36 राफेल फाइटर जेट हैं, जो देश के विभिन्न स्थानों पर तैनात हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसे सैन्य अभियान के दौरान इन फाइटर जेट्स ने अपनी योग्यता साबित की थी। ऐसे में अब भारत, फ्रांस से 114 मल्टीरोल फाइटर जेट खरीदने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# राजपाल यादव को कोर्ट से पड़ी फटकार

- **कुछ दिन और जेल में रहेंगे राजपाल**

**नई दिल्ली.** राजपाल यादव को कुछ दिन और तिहाड़ जेल में रहना पड़ेगा। चेक बाउंस और लोन पेमेंट मामले में उन्हें जमानत नहीं मिल सकी। गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट में उनकी जमानत की अर्जी पर सुनवाई थी। कोर्ट ने हियरिंग सोमवार तक स्थगित कर दी है। राजपाल के परिवार में शादी है। इसके चलते उन्होंने अपील की थी कि उन्हें जमानत दे दी जाए। हालांकि सुनवाई कर रहीं जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने राजपाल को फटकार लगाते हुए कहा कि वह जेल गए इसमें उनकी ही गलती है।

राजपाल यादव के डेढ़ दशक पुराने लोन के मामले में कुछ दिन और तिहाड़ जेल में रहना पड़ेगा। एक्टर की तरफ से कई बार यह आश्वसन दिया जा चुका है कि वह शिकायतकर्ता का पैसा चुका देंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बात पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। सुनवाई के दौरान राजपाल के वकील ने कोर्ट में स्टेटमेंट रखा था कि पैसे दे दिए जाएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा कि आज फिर कहा जा रहा



है कि पैसे दे दिए जाएंगे। जस्टिस शर्मा ने सुनवाई के दौरान ब्रेक से पहले वकील से कहा कि पैसे देने पर अपना मन बना लें।

कोर्ट की सुनवाई 2:30 बजे के बाद फिर से शुरू हुई। इस पर राजपाल के वकील ने कोर्ट से कहा कि वह राजपाल से कॉन्टैक्ट करने की कोशिश करते रहे लेकिन नहीं हो पाया। उन्होंने बेल एप्लिकेशन फाइल कर दिया है। जस्टिस शर्मा ने फटकार लगाई, 'राजपाल जेल गए हैं क्योंकि उन्होंने अपने ही वादे का मान नहीं रखा। कम से कम दो दर्जन बार उन्होंने कहा होगा कि पैसे दे देंगे लेकिन पैसे देकर कमिटमेंट पूरा करेंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ।' राजपाल की बेल पर सुनवाई अब सोमवार को होगी। कोर्ट ने दूसरे पक्ष को बेल एप्लिकेशन का जवाब फाइल करने को कहा।

# राहुल गांधी के खिलाफ नहीं आएगा अब विशेषाधिकार हनन का नोटिस?

**नई दिल्ली.** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अब सरकार विशेषाधिकार हनन का नोटिस नहीं देगी, जबकि एक दिन पहले ही केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि सरकार उनके खिलाफ ऐसा प्रस्ताव लाएगी। सूत्र बता रहे हैं कि सरकार ने अब अपनी रणनीति बदल ली है। हालांकि, राहुल गांधी के खिलाफ एक विशिष्ट प्रस्ताव का नोटिस दिया गया है, जिसके



जरिए नेता प्रतिपक्ष की सदन की सदस्यता रद्द करने और उन्हें आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने की मांग की गई है। यह प्रस्ताव भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बृहस्पतिवार को दिया। दुबे ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ 'विशिष्ट प्रस्ताव' लाने के लिए एक नोटिस दिया है ताकि उनकी सदस्यता रद्द हो सके और उन्हें आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किया जा सके।

दरअसल, राहुल गांधी ने एक दिन पहले यानी बुधवार को लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान एपस्टीन फाइल्स का जिक्र किया था और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम लेकर उनपर आरोप लगाए थे।

### निपाह वायरस से बंगाल में पहली मौत

निपाह वायरस से पश्चिम बंगाल में पहली मौत का मामला सामने आया है। पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के एक प्राइवेट अस्पताल में निपाह वायरस इंफेक्शन से जूझ रही 25 साल की एक नर्स की गुरुवार को मौत हो गई। हाल के इतिहास में पश्चिम बंगाल में इस वायरस से यह पहली मौत है। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि नर्स, उन दो लोगों में एक थीं, जो निपाह वायरस से संक्रमित हुए थे और कई हफ़्तों से इलाज करा रही थी। हालांकि, हाल ही में उसका वायरस टेस्ट नेगेटिव आया था.

# 'भारत की सुरक्षा के लिए देंगे खतरनाक हथियार'

- **ट्रेड डील के बाद बदले अमेरिका के सुर**

अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप का शासन आने के बाद से भारत के साथ संबंधों में लगातार गिरावट आ रही थी। बात इस हद तक बिगड़ गई थी कि ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को तो भला-बुरा कहा ही और फिर टैरिफ भी थोप दिए। अब ट्रेड डील के बाद एक बार फिर से दोनों देशों से संबंधों में गर्मजोशी देखने को मिल रही है। अमेरिका की तरफ से भारत के साथ रक्षा और आर्थिक सहयोग का दायरा बढ़ाने के संकेत दिए गए हैं।

अमेरिकी विदेश विभाग में एशियाई मामलों के सहायक सचिव



पॉल कपूर ने इस बात की पुष्टि की है कि दोनों देश लगातार रक्षा संबंधी खरीद पर बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका और भारत लगातार अधिक हथियार प्रणालियों की खरीद पर काम कर रहे हैं। इनसे भारत की रक्षा क्षमता और भी ज्यादा मजबूत होगी और इसके साथ ही अमेरिका में भी लोगों को रोजगार मिलेगा।₹ कपूर ने इस बात की पुष्टि की है कि कई तरह के खतरनाक हथियार, जो कि भारत की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करेंगे, इस वक्त दोनों देशों के बीच में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

गौरतलब है कि अमेरिकी अधिकारी का यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत की तरफ से 114 राफेल फाइटर जेट को खरीदने की मंजूरी दी जा चुकी है और इसके साथ ही अमेरिका के साथ समुद्री निगरानी विमानों समेत कई बड़ी हथियार प्रणालियों को खरीदने की बात चल रही है।

पिछले एक साल से जारी तनातनी के बाद भारत और अमेरिका एक ट्रेड डील पर सहमति बनाने में कामयाब हुए हैं। इसके बाद अमेरिका की तरफ से भारत के ऊपर लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया। इस समझौते के तहत भारत ने लगभग 5 साल में 500 बिलियन डॉलर के अमेरिकी सामान को खरीदने का इरादा जताया है। इसमें मुख्य तौर पर ऊर्जा उत्पाद, हवाई जहाज और उनके कीमती पुर्जे, धातुएं और टेक्नोलॉजी शामिल है। हालांकि दोनों तरफ से इस बात को साफ किया गया है कि भारत ने इस 500 बिलियन डॉलर की खरीद पर प्रतिबद्धता नहीं जताई है, बल्कि खरीदने का इरादा जताया है।

### इमरान खान की आंख की रोशनी 85% खत्म

**इस्लामाबाद.** लंबे समय से जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के हेल्थ अपडेट से पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है।

पाक मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खान की दाहिनी आंख की रोशनी 85 फीसदी खत्म हो चुकी है। उसमें अब सिर्फ 15 फीसदी को रोशनी बची है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इमरान खान की आंख की जांच के लिए एक स्पेशल मेडिकल टीम बनाने का आदेश दिया है। यह आदेश कोर्ट में पेश की गई एक रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें PTI फाउंडर ने दावा किया था कि उनकी दाहिनी आंख में "सिर्फ़ 15 फीसदी" रोशनी बची है।

# बेटे ने की नौसेना के पूर्व कैप्टन और डेंटिस्ट मां की बेरहमी से हत्या

**बेंगलुरु.** बेंगलुरु के विज्ञान नगर इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 33 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने माता-पिता की चाकू मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान 60 वर्षीय नवीन चंद्र भट्ट और उनकी 55 वर्षीय पत्नी डॉ. श्यामला भट्ट के रूप में हुई है। नवीन चंद्र भट्ट भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त कैप्टन थे, जबकि डॉ. श्यामला भट्ट पेशे से डेंटिस्ट थीं।

आरोपी बेटे की पहचान रोहन



चंद्र भट्ट के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घरेलू कलह के चलते रोहन ने अपने माता-पिता पर चाकू से जानलेवा हमला किया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, हमला योजनाबद्ध और इरादतन लग रहा है हालांकि इसके पीछे के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

हमले के तुरंत बाद, गंभीर रूप से घायल दंपति को पास के मणिपाल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चोटों की गंभीरता इतनी अधिक थी कि उन्हें बचाया नहीं जा सका।

#### जांच जारी, अमेरिका से आ रही है बेटी

एचएएल (HAL) पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। यह प्राथमिकी अपार्टमेंट परिसर के ही एक निवासी की शिकायत पर दर्ज की गई है। आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में है और उसे जल्द ही संबंधित अदालत में पेश किया जाएगा।

# रोहित शर्मा 2027 वर्ल्ड कप खेलने को तैयार



- **बोले- मेरा लक्ष्य देश के लिए ट्रॉफी जीतना है**
- **BCCI ने कॉन्ट्रैक्ट में ग्रेड-B में रखा**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने अपने वनडे भविष्य को लेकर जारी अटकलों पर विराम लगा दिया है। 2027 के वनडे वर्ल्ड कप में अपनी भागीदारी को लेकर रोहित ने बड़ा बयान दिया है। टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे फॉर्मेट में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं। 2027 में जब वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरू होगा, तब रोहित 40 साल के होंगे।

हालांकि, रोहित ने साफ किया है कि उनका लक्ष्य अभी भी टीम के साथ वर्ल्ड कप ट्रॉफी उठाना है और वह इसके लिए खुद को फिट रखने के लिए कड़ी मेहनत करने को तैयार हैं।

एक ICC इवेंट के दौरान रोहित ने कहा,'मैं निश्चित रूप से वहां जाना चाहता हूं और अपने देश के लिए वर्ल्ड कप जीतना चाहता हूं। यह कुछ ऐसा है जिसे मैंने हमेशा देखा है। मैं 50 ओवर का वर्ल्ड कप देखते हुए बड़ा हुआ हूं। तब कोई टी-20 वर्ल्ड कप या IPL नहीं था। यह क्रिकेट का शिखर था जो हर चार साल में होता था।'

#### रोहित बोले-बचपन से 50 ओवर के वर्ल्ड कप का सपना देखा

रोहित शर्मा ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि उस एक ट्रॉफी के लिए बहुत इंतजार और बेताबी रहती थी। उन्होंने कहा,'मुझे वह ट्रॉफी चाहिए, इसलिए मैं अपनी शक्ति और क्षमता के अनुसार कड़ी मेहनत करने और उसे हासिल करने की पूरी कोशिश करूंगा।'

38 साल के रोहित ने 2024 में भारत के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। वहीं, पिछले साल मई में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था।

### लैंबॉर्गिनी कांड में शिवम मिश्रा मात्र 7 घंटे में जमानत पर रिहा

**कानपुर.** कानपुर के लैंबॉर्गिनी हादसे में तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा के बेटे शिवम मिश्रा को एसीजेएम कोर्ट ने जमानत दे दी है। कोर्ट ने उन्हें 20 हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया और पुलिस की 14 दिन की रिमांड अर्जी भी खारिज कर दी। आज सुबह करीब 9 बजे शिवम की गिरफ्तारी हुई थी, लेकिन महज 7 घंटे के अंदर ही उन्हें जमानत मिल गई। पुलिस जांच में यह सामने आया था कि हादसे के समय गाड़ी चला रहा शिवम मिश्रा ही था।

**जाहिर सूचना**

**आदर्श शिक्षण समिति की विशेष महत्वपूर्ण बैठक.**

संस्था का कार्यालय सचिव द्वारा हड़प किए जाने के कारण संस्था का कार्यालय नहीं है। इसलिए संस्था सचिव को बैठक लेने की सूचना देने के बाद भी उन्होंने बैठक का आयोजन नहीं किया, इस कारण संस्था के 75% (पचहत्तर प्रतिशत) सदस्यों ने दिनांक 12/02/2026 को बैठक करके निर्णय लिया है। उस निर्णय के अनुसार दिनांक 15/03/2015 को मान. सहायक धर्मादाय आयुक्त द्वारा मंजूर किए गए नए नियमावली की धारा 14 के अनुसार आदर्श शिक्षण समिति की ₹विशेष बैठक₹ का आयोजन दिनांक 08/03/2026 को किया गया है। जिसमें 1977 से लेकर 2025 तक के सभी आजीवन, संस्थापक और सामान्य सदस्यों को उपस्थित रहना अनिवार्य है।

बैठक के मुद्दे :-

1) संस्था में 2016 से अध्यक्ष पद रिक्त है। इसलिए नये अध्यक्ष का चुनाव करना जरूरी है।
2) संस्था के कोषाध्यक्ष का पद 1017 से रिक्त है। इसलिए नए कोषाध्यक्ष का चुनाव करना जरूरी है।
3) संस्था के कार्यकारिणी के एक सदस्य की मृत्यु हो चुकी है। उनके स्थान पर नए सदस्य का चुनाव करना जरूरी है।
4) दिनांक 01/05/2025 की बैठक में लिए गए अन्य मुद्दों पर निर्णय लेना।

सभी सदस्यों को दिनांक 08/03/2026 को शाम 07.00 बजे ब्लॉक ए 433/865,866, सुभाष टेकडी, आंबेडकर चौक, उल्हासनगर -421004 इस पते पर उपस्थित होना है।

सही/-
**अनिल सुरेश प्रसाद सिन्हा**
ट्रस्टी और आजीवन सदस्य,
आदर्श शिक्षण समिति शिक्षण समिति
ब्लॉक ए-1000/2000,
कैलाश कॉलोनी, उल्हासनगर-5

**ULHASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION**
**NATIONAL TUBERCULOSIS ELIMINATION PROGRAMME**
**Registration No. MAHA/546-2000/ Thane.**
OFFICE - CITY TB OFFICE, Ground Floor, Ulhasnagar Municipal Corporation Head Office, Near Chopra Court, Ulhasnagar 421003, Dist-Thane, Maharashtra.
PHONE No. - (0251) 2720137 / Web Site: www.tbcindia.nic.in / E-Mail dtomhumc@rntcp.org

**EXPRESSION OF INTEREST**

Ulhasnagar MC TB Elimination Programme invites Expression of Interest for TB related services as Chest Physician for T.B. OPD at Central Hospital Ulhasnagar-3 (DR-TB OPO Services) with Follow up for the period of Three years from interested Private Practitioners in the Ulhasnagar for projects to be undertaken under National Health Mission (NHM-NTEP)

| Sr.No. | Investigation | Unit Rate |
| --- | --- | --- |
| 1) | Specialist Consultation Treatment & Folllow-up of DR-TB Patients at DR-TB Centre | Upto 2500/- |

| Sr.No. | Particulars | Working days |
| --- | --- | --- |
| | Format, scope of work and qualifying criteria can be collected and Expression of Interest in desired format to be submitted in sealed. Envelope at the Dispatch dept at the above mentioned office address. | 7 Working Days |
| | Date of Publishing Advertisement for Expression of Interest. | 13/02/2026 |
| | Last Date of Expression of Interest | 23/02/2020 |
| | Opening of Expression of Interest | 24/02/2026 |

**Note:-**
1) If work is satisfactory, then contract may extend as per NHM Guideline & Instruction.
2) Selection Criteria Experience & Formats are shared online www.umc.gov.in for any queries/compliance, kindly contact City T.B. Officer, NTEP/UMC.

जा.क्र. उमपा / पीआरओ / ५२८/२०२६
दिनांक : १२/०२/२०२६

Sd/-
**Medical Officer Of Health**
Ulhasnagar Municipal Corporation

## संक्षेप...

### सिस्टम को दोष दिए बिना कड़ी मेहनत से हालात बदलें- डॉ. मिताली संचेती

**ठाणे.** फील्ड कोई भी हो कड़ी मेहनत के अलावा कोई दूसरा ऑप्शन नहीं है यदि आस-पास के सिस्टम और सिस्टम को दोष दिए बिना किसी भी हालात को बदलना चाहते हैं तो उसके लिए कड़ी मेहनत करें। चाहे वह नौकरी की जगह हो या पढ़ाई का फील्ड हालात तभी बदलते हैं जब आप रेगुलर पढ़ाई करते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं यह बात ठाणे मनपा उपायुक्त डॉ. मिताली संचेती ने एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में कही। मनपा और रोटरी क्लब द्वारा आयोजित ऐसी, रेफ्रिजरेटर, वाटर कूलर इक्विपमेंट रिपेयरिंग की ट्रेनिंग पूरी करने वाले स्टूडेंट्स के ग्रेजुएशन सेरेमनी में बोल रही थीं। यह प्रोग्राम मनपा स्कूल नंबर 19, नौपाड़ा के रोटरी सेंटर में ऑर्गनाइज़ किया गया था। ठाणे मनपा रोटरी क्लब ऑफ़ लेक सिटी, रोटरी क्लब ऑफ़ ग्रीन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ़ ठाणे नॉर्थ और ब्लू स्टार कंपनी ने मिलकर ठाणे मनपा स्कूल नंबर 19, विष्णु नगर में एक स्किल डेवलपमेंट सेंटर शुरू किया है। पहले फेज़ में 11 बच्चों ने ट्रेनिंग पूरी कर ली है। यह प्रशिक्षण तीन महीने का है और निःशुल्क है। रोटरी उन प्रशिक्षुओं को नौकरी और व्यवसाय के लिए भी समर्थन करता है जो प्रशिक्षण पूरा करते हैं।मनपा उपायुक्त मिताली संचेती ने पूरे केंद्र का निरीक्षण किया और सभी गतिविधियों की जानकारी ली.

# जिला नियोजन समिति का 100% फंड खर्च करें

## इंफ्रास्ट्रक्चर और सोशल डेवलपमेंट पर ज़ोर दिया जाएगा-डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे



**ठाणे।** राज्य के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने आज जिला नियोजन समिति हॉल में हुई मीटिंग में जिला नियोजन समिति का 100 प्रतिशत फंड करने और इंफ्रास्ट्रक्चर और सोशल डेवलपमेंट पर ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक किसन कथोरे, शांताराम मोरे, नरेंद्र मेहता, महेश चौघुले, रईस शेख, निरंजन डावखरे, सुलभा गायकवाड़, नगर विकास, आवास व सार्वजनिक निर्माण (सार्वजनिक उपक्रम) के प्रधान सचिव व जिले के संरक्षक सचिव नवीन सोना, जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल, पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, मीरा-भायंदर मनपा आयुक्त, ठाणे मनपा आयुक्त, नवी मुंबई मनपा आयुक्त, जिला नियोजन अधिकारी वैभव कुलकर्णी व विविध विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 26 सितंबर 2025 को हुई जिला नियोजन समिति की बैठक के विवरण को मंजूरी दी और अनुपालन रिपोर्ट स्वीकार की। उन्होंने साल 2025-26 के लिए जिला एनुअल प्लान, ट्राइबल सब-प्लान और शेड्यूल्ड कास्ट सब-प्लान के मंज़ूर आउटले का रिव्यू किया और संबंधित एजेंसियों को 31 मार्च 2026 से पहले 100 परसेंट खर्च करने का निर्देश दिया। साल 2026-27 के ड्राफ्ट प्लान को मंज़ूरी दी जाए और अगले फाइनेंशियल साल के लिए मंज़ूर खर्च को आखिर तक बिना कोई बैलेंस छोड़े एडवांस में खर्च कर दिया जाए। सभी एजेंसियां यह पक्का करें कि टेक्निकल अप्रूवल और एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल समय पर मिल जाएं। सभी डेवलपमेंट के काम क्वालिटी के साथ पूरे किए जाएं। नगर पालिकाओं को आवारा जानवरों के लिए शेल्टर बनाने के निर्देश दिए गए। सभी एजेंसियां मॉनसून से पहले काम पूरा कर लें। लोगों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। किसानों को फाइनेंशियल मदद भी दी जा सकती है। ऑर्गेनिक खेती को प्रायोरिटी दी जानी चाहिए। ट्रांसपोर्ट प्लानिंग, हेल्थ सिस्टम अलर्ट पर होने चाहिए। खतरनाक बिल्डिंग्स में लोगों के लिए क्लस्टर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। रेलवे पर प्रेशर कम करने के लिए मेट्रो नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। इससे ट्रैफिक कम होगा, बाईपास रोड पर काम चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जिले में इंफ्रास्ट्रक्चर और सोशल डेवलपमेंट पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रैफिक जाम, रोड सेफ्टी, IT पार्क, MIDC, हेल्थ और एजुकेशन, डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल, नए कामों के मुद्दों का रिव्यू किया और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों की अच्छी सुविधाएं दी जानी चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत में दिवंगत डिप्टी सीएम अजीत पवार को श्रद्धांजलि दी गई। जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने जिले में चल रहे प्रोजेक्ट्स और प्लान किए गए कामों पर डिटेल्ड प्रेजेंटेशन दिया।

## स्कूल बस हादसा, 3 बच्चे घायल



**नवी मुंबई.** पनवेल प्लसपे फाटा के पास पार पुल, टाटा मोटर्स के नज़दीक केंद्रीय विद्यालय ओएनजीसी की स्कूल बस को एक टेंपो ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के वक्त बस में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे सवार थे। इस दुर्घटना में तीन बच्चे घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बच्चों का हाथ टूट गया है, जबकि एक लड़के की उंगली में गंभीर मार लग गई है। घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

हादसे की सूचना मिलते ही पनवेल पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। बताया जा रहा है कि स्कूल बस में ड्राइवर के अलावा कोई भी सहायक या अटेंडेंट मौजूद नहीं था, जिसके कारण दुर्घटना के बाद बस में सवार बच्चों में अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई।

इस घटना ने केंद्रीय विद्यालय ओएनजीसी प्रशासन की गंभीर लापरवाही को उजागर कर दिया है। नियमों के अनुसार स्कूली बसों में बच्चों की सुरक्षा के लिए अटेंडेंट की मौजूदगी अनिवार्य होती है, लेकिन इस बस में ऐसा कोई इंतज़ाम नहीं था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और टेंपो चालक से पूछताछ की जा रही है। वहीं अभिभावकों में घटना को लेकर भारी रोष देखा जा रहा है और स्कूल प्रशासन की जवाबदेही तय करने की मांग उठ रही है।



**राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में ठाणे की नवनिर्वाचित मेयर शर्मिला पिंपलोलकर ने कार्यभार संभाला। इस मौके पर महानगरपालिका कमिश्नर सौरभ राव मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने डिप्टी मेयर कृष्णा दादू पाटिल, शिवसेना के गटनेता पवन कदम का भी स्वागत किया और उन्हें नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवनिर्वाचित नगर सेवक और नगरसेविका उपस्थित थे।**

## मोबाइल शॉप में चोरी के मामले में दो चोर गिरफ्तार

■ **23 लाख का कीमती सामान जब्त**



**भिवंडी.** शांतिनगर पुलिस ने भिवंडी शहर के कल्याण रोड इलाके में एक मोबाइल शॉप से मोबाइल फोन व लैपटॉप चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से 23 लाख का कीमती सामान जब्त किया है.

भिवंडी पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे ने बताया है कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साहिद मोहम्मद उर्फ दबंग जफरुद्दीन अंसारी (20) और उजेर अहमद इस्लाहुर रहमान खान (23) (दोनों न्यू आजाद, नगर शांतिनगर के रहने वाले) के रूप में हुई है.

भिवंडी शहर के कल्याण नाका इलाके में सिटी जोन की एक मोबाइल शॉप से मोबाइल फोन, लैपटॉप और दूसरा सामान चोरी होने की घटना 6 फरवरी को हुई थी. इस संबंध में 8 फरवरी को शांतिनगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था. इस क्राइम की जांच पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे और असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर सचिन सांगले के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर विनायक गायकवाड़ की एक स्पेशल टीम ने शुरू की थी।

मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने दो आरोपियों शाहिद और उजेर को गिरफ्तार किया है और पूछताछ के बाद शांतिनगर पुलिस ने उनके पास से कुल 23 लाख 45 हजार रुपये कीमत के 108 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और अन्य सामान जब्त करने में सफलता पाई है। आगे की जांच सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर विनायक गायकवाड़ कर रहे हैं।

# उस फोन कॉल के बाद अजित पवार ने बदला निर्णय -प्रमोद हिंदुराव

■ **विमान हादसे पर खड़े किए कई सवाल**



**कल्याण.** महाराष्ट्र के दिवंगत पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे को लेकर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद हिंदुराव ने बड़ा दावा किया है। कल्याण के मंगेशी हाल में आयोजित शोकसभा के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अजित पवार पहले बाई-रोड़ बारामती जाने वाले थे। उन्होंने इसकी तैयारी भी करली थी, लेकिन विमान हादसे से एक दिन पहले पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल या अन्य किसी नेता का फोन आने के बाद उन्हें निर्णय बदलना पड़ा। प्रमोद हिंदुराव के दावे के अनुसार वह फोन कॉल मंत्रालय में लंबित किसी फाइल के संदर्भ में था। उस फोन कॉल के कारण अजित पवार ने सड़क मार्ग से जाने का निर्णय बदल दिया। साथ ही मंत्रालय लंबित फाइल का काम करने के बाद वे चार्टर प्लेन से चुनाव प्रचार के लिए बारामती रवाना हुए। लेकिन दुर्भाग्यवश बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग से पहले ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें डिप्टी सीएम अजित पवार सहित 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बतादें कि अजित पवार के भतीजे एवं राष्ट्रवादी (शरद) के विधायक रोहित पवार ने विमान हादसे को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। तो वहीं अब पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अजित पवार के करीबी प्रमोद हिंदुराव के बयान से राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है, और विमान हादसे को लेकर फिर से बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

# नाबालिग लड़की के यौन शोषण के मामले में आरोपी को दस साल की सज़ा

■ **कल्याण की विशेष पोक्सो अदालत ने सुनाया फैसला**

**कल्याण-** कल्याण की विशेष पोक्सो अदालत ने 35 वर्षीय धोंडीराम तुकाराम बंसोडे को नाबालिग लड़की के साथ बार-बार यौन उत्पीड़न के मामले में 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सजा सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश वी.ए.पत्रावले ने कहा कि यौन अपराध के मामलों में पीड़िता की गवाही अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, और यदि वह विश्वसनीय एवं भरोसा जगाने वाली हो, तो बिना किसी अतिरिक्त पुष्टिकरण के भी दोष सिद्ध करने के लिए पर्याप्त हो सकती है। 31 जनवरी के आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष सरकारी वकील भामरे पाटिल और आर.आर.भोईर ने आरोप सिद्ध करने के लिए 12 गवाहों के बयान दर्ज कराए। अभियोजन के अनुसार, बंसोडे ने अपने पड़ोस में रहने वाली कक्षा 5 की छात्रा का 2016 तक कई बार यौन शोषण किया। बाद में परिजनों को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद मामला दर्ज कराया गया। बचाव पक्ष ने दलील दी कि यह मामला पारिवारिक विवाद का परिणाम है और पुलिस में शिकायत दर्ज कराने में तीन दिन की देरी पर सवाल उठाया। हालांकि, अदालत ने अभियोजन की यह दलील स्वीकार की, कि परिजन शुरुआत में सामाजिक बदनामी और भेदभाव के डर से शिकायत दर्ज कराने से हिचक रहे थे। अदालत ने अपने आदेश में कहा, ऐसे मामलों में पीड़िता की गवाही महत्वपूर्ण है। जब तक कोई ठोस कारण न हो, अदालत को केवल पुष्टिकरण की तलाश में नहीं रहना चाहिए। यदि पीड़िता की गवाही भरोसा जगाती है और विश्वसनीय पाई जाती है, तो उसी के आधार पर दोषसिद्धि की जा सकती है। सजा के अलावा अदालत ने दोषी पर 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। न्यायाधीश ने कहा कि पीड़िता सरकारी मुआवजा योजना के तहत क्षतिपूर्ति पाने की हकदार है।

# प्रथम संतोष शेट्टी ने MBBS परीक्षा में की सफलता हासिल




**भिवंडी.** भिवंडी में BJP ग्रुप लीडर संतोष शेट्टी के बेटे प्रथम ने DY पाटिल यूनिवर्सिटी से मेडिकल फील्ड में MBBS परीक्षा में बड़ी सफलता हासिल की है। हाल ही में उन्हें नवी मुंबई के यूनिवर्सिटी हॉल में चांसलर डॉ. शिवानी पाटिल और स्कूल ऑफ मेडिसिन कॉलेज के डीन डॉ. राजीव राव ने सम्मानित किया। डॉ. प्रथम शेट्टी की सफलता के बाद भिवंडी के कई जाने-माने लोगों ने प्रथम के साथ-साथ उनके माता-पिता BJP ग्रुप लीडर संतोष शेट्टी और पूर्व कॉर्पोरेटर शशिलता शेट्टी को बधाई दी है।

# नोरा फतेही ने इतिहास रचा

■ **FIFA और क्रिकेट वर्ल्ड कप में परफॉर्म करने वाली अकेली आर्टिस्ट बनी**



बॉलीवुड एक्ट्रेस और डांसर नोरा फतेही आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। नोरा हमेशा ही किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। ऐसे समय में नोरा फतेही ने एक ऐसा मुकाम हासिल किया है जिसे अब तक बॉलीवुड में कोई भी हासिल नहीं कर सका। आपको जानकार हैरानी होगी कि नोरा अकेली बॉलीवुड आर्टिस्ट हैं जिन्होंने FIFA वर्ल्ड कप इवेंट और क्रिकेट वर्ल्ड कप सेरेमनी, दोनों में परफॉर्म किया है है।

**डांस के साथ गाया गाना**

FIFA वर्ल्ड कप 2022 में, नोरा सर्फ दिखाई ही नहीं दीं; उन्होंने क्ल ोजिंग सेरेमनी में डांस तो किया ही साथ ही गाना भी गाया। उनकी परफॉर्मेंस ने सभी का दिल जीत लिया। ऑफिशियल एंथम लाइट द स्काई के हिस्से के तौर पर, उन्होंने दुनिया के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले स्पोर्टिंग इवेंट्स में से एक में अपनी सिग्नेचर स्टेज प्रेजेंस दी। उन्होंने FIFA एंथम में हिंदी में गाकर गर्व से इंडिया को भी रिप्रेजेंट किया, जिससे ग्लोबल सेलिब्रेशन में एक ज़बरदस्त कल्चरल टच आया। क्लोजिंग सेरेमनी में लाइव परफॉर्म करते हुए, वह एक ऐसे प्लेटफॉर्म पर इंडियन रिप्रेजेंटेशन की निशानी बन गईं जो कॉन्टिनेंट्स के लाखों लोगों को एकजुट करता है।

■ **लाइव ऑडियंस को अपनी ओर खींचा**

नोरा का ग्लोबल मोमेंट उनके होम ग्राउंड पर भी वैसा ही था जब उन्होंने मुंबई में ICC मेन्स T20 वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। टूर्नामेंट से पहले खचाखच भरे स्टेडियम में जोश भरते हुए, नोरा ने एक बार फिर बड़ी आसानी से लाइव ऑडियंस को अपनी ओर खींचने की अपनी काबिलियत साबित की।

**इंस्टाग्राम पर जताई थी खुशी**

नोरा फतेही ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर इवेंट के कई वीडियो शेयर किए थे। इन वीडियोज के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा था, 'T20 वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी और मेरा बर्थडे सेलिब्रेशन, यार... मैं लकी महसूस कर रही हूं! जय हिंद!' नोरा के इन वीडियोज पर फैंस ने जमकर प्यार लुटाया और उन्हें विश भी किया।

## भायखला में चौथी मंजिल से गिरी लिफ्ट

**मुंबई.** भायखला में बुधवार रात एक बड़ा हादसा हो गया, जब एक 18 मंजिला रिहायशी इमारत की लिफ्ट चौथी मंजिल से अचानक नीचे गिर गई. इस दुर्घटना में लिफ्ट में सवार पांच लोग घायल हो गए. घटना भायखला स्थित जय कृपा टावर की है, जहां रात करीब 10 बजे अचानक लिफ्ट के केबल में खराबी आने की आशंका जताई गई जिसके कारण यह हादसा हुआ.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लिफ्ट चौथी मंजिल पर थी तभी तेज झटके के साथ वह सीधे नीचे की ओर गिर गई.

हादसे के बाद इमारत में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी. मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस, 108 एंबुलेंस सेवा, और अन्य आपातकालीन एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया. घायलों में कलपिता पवार (38), यश बालविकर (24) और उषा गुप्ता (56) को जेजे अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत स्थिर बताई गई. वहीं, जमुना प्रसाद शिवहरे (50) को बालाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी स्थिति भी स्थिर है. एक अन्य घायल शिल्पा मोरे (54) का जसलोक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है. प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है.


## CHANGE OF NAME

My old Maiden Name is
**Rekha Tulsidas Kurseja**
Now My New Name is
**Yashika Rakesh Wadhwa**
Now I will be known as my new name
**Yashika Rakesh Wadhwa**
Add:. Flat.No. 101, Mannat Sagar Apartment,
Block No. C-54,
Ulhasnagar-421004.,Dist. Thane.
**Yashika Rakesh Wadhwa**



## आम सूचना

दिनांक 11/02/2026

उल्हासनगर टीचर्स एज्युकेशन सोसायटीच्या सर्व सभासदांना कळविण्यात येते की उल्हासनगर टीचर्स एज्युकेशन सोसायटी ची त्रैवार्षिक निवडणूक( कार्यकारी मंडळा करिता) या वर्षी हि निवडणूक दिनांक -22/02/2026 रोजी वार रविवार सायंकाळी ४.०० वाजता घ्यावयाचे ठरले आहे. तरी ज्या सभासदांना उमेदवारी अर्ज भरायाचे आहेत, त्यांनी 2025 ते 2028 पर्यंत या कालावधी करीता आपले उमेदवारी अर्ज दिनांक -18/02/2026 रोजी पर्यंत सचिवांकडे सुपूर्द करायचे आहेत. दिनांक - 18/02/2026 रोजी नंतर आलेले अर्ज स्वीकारले जाणार नाहित,तसेच दिनांक – 22/02/2026 रोजी झालेल्या निवडणुकीचा निकाल त्याच दिवशी जाहीर केला जाईल याची सर्व सभासदांनी नोंद घ्यावी. तसेच सर्व सभासद सभेला उपस्थित राहणे आवश्यक आहे.नंतर कोणाची कोणत्याही तक्रार व हरकती मान्य केली जाणार नाही. ही विनंती.

आपली नम्र
**श्रीमती परविंदर कौर**
सचिव
उल्हासनगर टीचर्स एजूकेशन सोसायटी (रजि.) उल्हासनगर.



## आम सूचना

मैं श्री रमेश नारायण शेलके सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, समता नगर-2, कुर्ला कैम्प रोड, श्मशान भूम के पास, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 39डीओ008613500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती निवृत्ती दंडवते के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 9.2.2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रमेश नारायण शेलके**



## आम सूचना

मैं श्री उमेश अशोक मयेकर सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 1346, मेरा घर अपार्टमेंट के सामने, मराठा सेक्शन 32, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 42सीआय012891200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रेखा महेश भोसले के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 30.1.2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री उमेश अशोक मयेकर**



## आम सूचना

मैं श्री सोहन रे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम 58/1, बैरक नं. 1903, पोर्शन बैरक नं. 1912 के पास, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 58डीओ021089900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती हेमा राजू उर्फ राजेश माधवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 6.2.2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सोहन रे**



## आम सूचना

मैं श्रीमती ऐना कोस्टानसियो बापटिस्ता सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, ब्लॉक नं. 779 व 799 के पास, नेताजी एरिया, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 53डीआय011428600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती तसमिया अमेर शेख उर्फ सुकोराइन कोस्टानसियो बापटिस्ता, श्री सिरिल कोस्टानसियो बापटिस्ता व श्री फ्रांसिस कोस्टानसियो बापटिस्ता के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 31.1.2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती ऐना कोस्टानसियो बापटिस्ता**


## म्हापोली गांव की विधवाओं को राशन बांटा गया

**अंबाड़ी.** भिवंडी तालुका में चल रहे वर्ड मेमन ऑर्गनाइज़ेशन और ग्लोबल विमेंस ब्रांच के साथ मिलकर, सैकड़ों विधवाओं को दस किलो बासमती चावल बांटे गए और तालुका के म्हापोली में एमएस पठान हाई स्कूल और कॉलेज के सात सौ स्टूडेंट्स को पढ़ाई का सामान बांटा गया। यह प्रोग्राम ठाणे पालघर मुस्लिम रूरल वेलफेयर ऑर्गनाइज़ेशन ने ऑर्गनाइज़ किया था।










यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099